# PAPER-III
# PUBLIC ADMINISTRATION

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ___________________________

   (Name) ______________________________

2. (Signature) ___________________________

   (Name) ______________________________

OMR Sheet No. : ...............................................

(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.__________________________________

(In words)

**J A 0 1 4 1 7**

Time : **2 1/2** hours]

[Maximum Marks : **150**

Number of Pages in this Booklet : **32**

Number of Questions in this Booklet : **75**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of seventy five multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
   (iv) The test booklet no. and OMR sheet no. should be same. In case of discrepancy in the number, the candidate should immediately report the matter to the invigilator for replacement of the test booklet / OMR Sheet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** ① ② ● ④
   where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry original question booklet on conclusion of examination.
10. **Use only Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचहत्तर बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
   (iv) प्रश्न पुस्तिका नं. और OMR पत्रक नं. समान होने चाहिए । यदि नंबर भिन्न हों, तो परीक्षार्थी प्रश्न-पुस्तिका / OMR पत्रक बदलने के लिए निरीक्षक को तुरंत सूचित करें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है :
   **उदाहरण** : ① ② ● ④
   जबकि (3) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।

## PUBLIC ADMINISTRATION
## PAPER – III

**Note :** This paper contains **seventy five (75)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** "Administration is now so vast an area that a philosophy of administration came close to being a philosophy of life." This statement was made by

(1) L.D. White (2) Marshal Dimock
(3) Chester Barnard (4) Willoughby

**2.** Consider the following statements regarding the public choice theory :

(i) It came into existence as a critique of Bureaucratic Model of administration.
(ii) It promotes democratic administration.
(iii) It locates Public Administration within the domain of politics.
(iv) It advocates for institutional monopoly.

Select the correct answer by using codes given below :

**Codes :**

(1) (i), (ii), (iii) (2) (ii), (iii), (iv)
(3) (i), (iii), (iv) (4) (i), (ii), (iii), (iv)

**3.** Which of the following is not a philosophical base for New Public Management ?

(1) New Public Administration (2) Public Choice Theory
(3) New Liberal Ideology (4) New Right Philosophy

**4.** **Assertion (A) :** Today public-private differences are fading.

**Reason (R) :** Public sector is increasingly penetrated by the metaphor of the market, of running government like a business.

**Codes :**

(1) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).
(2) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).
(3) (A) is true, but (R) is false.
(4) (A) is false, but (R) is correct.

# लोक प्रशासन
## प्रश्नपत्र – III

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचहत्तर (75)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** "प्रशासन अब इतना विस्तृत क्षेत्र है कि प्रशासन का दर्शन जीवन के दर्शन के निकट आ रहा है ।" यह कथन निम्नलिखित में से किसका है ?

(1) एल.डी. व्हाइट (2) मार्शल डिमॉक

(3) चेस्टर बर्नाड (4) विलोबी

**2.** लोक विकल्प सिद्धांत के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(i) इसका उद्‌भव प्रशासन के अधिकारी तंत्र मॉडल की आलोचना के रूप में हुआ ।

(ii) यह लोकतांत्रिक प्रशासन को बढ़ावा देता है ।

(iii) यह लोक प्रशासन को राजनीति के प्रभावक्षेत्र में रखता है ।

(iv) यह संस्थागत एकाधिकार का समर्थन करता है ।

नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(1) (i), (ii), (iii) (2) (ii), (iii), (iv)

(3) (i), (iii), (iv) (4) (i), (ii), (iii), (iv)

**3.** निम्नलिखित में से कौन नव लोक प्रबंधन का दार्शनिक आधार नहीं है ?

(1) नव लोक प्रशासन (2) लोक विकल्प सिद्धांत

(3) नव उदारवादी विचारधारा (4) नव अधिकार दर्शन

**4.** **अभिकथन (A) :** आजकल सार्वजनिक - निजी क्षेत्र के बीच अंतर कम हो रहा है ।

**तर्क (R) :** सार्वजनिक क्षेत्र में बाजार को सरकार के व्यवसाय की तरह चलाने के लक्ष्यों की व्याप्ति में वृद्धि हो रही है ।

**कूट :**

(1) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(2) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(3) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(4) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

5. Behavioural approach makes a plea for

(i) micro level analysis

(ii) deductive reasoning

(iii) empirical study of data from the field

(iv) value free scientific method

Select the correct answer by using code given below :

(1) (i), (iii), (iv)
(2) (ii), (iii), (iv)
(3) (i), (ii), (iii)
(4) (i), (ii), (iii), (iv)

6. While advocating specialization in the techniques of supervision, which of following is recommended by W.F. Taylor ?

(1) Functional Foremanship
(2) The one best way to perform a job
(3) Cooperation not Individualism
(4) Mental Revolution

7. In order to address the difficulties due to lack of coordination among various governmental institutions/agencies, the III$^{rd}$ Minnowbrook Conference introduced a new concept of

(1) Interoperability
(2) Boundary Spanning
(3) Interdisciplinary
(4) Supportive collaborative research

8. Which one of the following is incorrect regarding the features of Entrepreneurial government ?

(1) It is result-oriented
(2) It is market-oriented
(3) It promotes bureaucratic mechanism
(4) It is a catalytic government

9. Which of the following is not advocated by Herbert Simon ?

(1) Satisficing man
(2) Bounded Rationality
(3) Intelligence, Design and Choice Model
(4) Implicit favourite

5. व्यवहारपरक दृष्टिकोण निम्नलिखित में से क्या तर्क देता है ?

(i) सूक्ष्म स्तर विश्लेषण

(ii) निगमनात्मक विवेचना

(iii) क्षेत्र से आँकड़ों का आनुभविक अध्ययन

(iv) मूल्य रहित वैज्ञानिक पद्धति

नीचे दिये गये कूटों का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (i), (iii), (iv) (2) (ii), (iii), (iv)

(3) (i), (ii), (iii) (4) (i), (ii), (iii), (iv)

6. पर्यवेक्षण में विशेषज्ञता की वकालत करते हुए एफ.डब्ल्यू. टेलर ने निम्नांकित में से कौन सी सिफारिश की थी ?

(1) कार्यात्मक फोरमैनशिप (2) कार्य को करने का एक श्रेष्ठतम तरीका

(3) व्यक्तिवाद नहीं अपितु सहयोग (4) मानसिक क्रांति

7. विभिन्न सरकारी संस्थानों/एजेन्सियों के बीच समन्व्यय की कमी के कारण होने वाली कठिनाईयों के समाधान के क्रम में, तीसरे मिन्नोब्रुक सम्मेलन ने निम्नलिखित में से कौन सी नई अवधारणा प्रस्तुत की थी ?

(1) अन्त:परिचालनता

(2) सीमा विस्तार

(3) अंतर अनुशासनिक

(4) सहायक सहयोगी अनुसंधान

8. निम्नलिखित में से कौन सी उद्यमी सरकार की विशेषताओं के बारे में सही नहीं है ?

(1) यह परिणाम उन्मुखी है।

(2) यह बाजार उन्मुखी है।

(3) यह नौकरशाही व्यवस्था को बढ़ावा देती है ।

(4) यह उत्प्रेरक सरकार है ।

9. हर्बर्ट साइमन ने निम्नांकित में से किसकी वकालत नहीं की है ?

(1) संतोषप्रद (परिसंतोषकारी) व्यक्ति

(2) सीमित बौद्धिकता

(3) आसूचना, प्रारूप (नमूना) और विकल्प मॉडल

(4) अन्तरनिहित अनुकूल

10. Consider the following characteristics of Job Enrichment given by Herzberg. Select correct answer by using codes given below :

(i) It is concerned with internal motivation to work.

(ii) It designates a production and profit-oriented way of managing.

(iii) It is a means of making work experience meaningful for the people.

(iv) People are motivated by rewards, privileges or punishment.

**Codes :**

(1) (i), (ii), (iii) (2) (ii), (iii), (iv)

(3) (i), (iii), (iv) (4) (i), (ii), (iii) and (iv)

11. In which of the following area the Theory Y is not relevant in line-staff relationship ?

(1) Policy-making

(2) Line-staff conflicts of complex nature

(3) Team work at each level of organisation

(4) Managers who have both line and staff responsibilities

12. 'Bureaucracy changes knowledge into secrecy and competence into mystery.' Who attributed this idea ?

(1) Hegel (2) Karl Marx

(3) Martin Albrow (4) Peter Blau

13. Who among the following referred 'Gopher Delegation' and 'Stewardship Delegation' ?

(1) J.D. Millet (2) Stephen R. Covey

(3) George R. Terry (4) Albert K. Wickesberg

14. **Assertion (A) :** Moral and productivity are directly related.

**Reason (R) :** The motivation thinkers find solution of industrial problems in human psychology.

**Codes :**

(1) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(2) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(3) (A) is true, but (R) is false.

(4) (A) is false, but (R) is correct.

**10.** हर्जबर्ग द्वारा दी गई कार्य संवर्द्धन की निम्नलिखित विशेषताओं पर विचार कीजिए और नीचे दिए गए कूटों का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :

(i) यह कार्य की आंतरिक प्रेरणा से जुड़ा है ।

(ii) यह एक उत्पादन और प्रबंधन के लाभोन्मुखी मार्ग को निर्धारित करता है ।

(iii) यह लोगों के लिए एक सार्थक कार्य अनुभव को जुटाने का साधन है ।

(iv) लोगों को पुरस्कारों, विशेषाधिकारों अथवा दंड के द्वारा अभिप्रेरित किया जाता है ।

**कूट :**

(1) (i), (ii), (iii)
(2) (ii), (iii), (iv)
(3) (i), (iii), (iv)
(4) (i), (ii), (iii) और (iv)

**11.** निम्नांकित में से किन क्षेत्रों में सूत्र-स्टाफ सम्बन्धों में वाई सिद्धांत प्रासंगिक नहीं है ?

(1) नीति निर्णयन

(2) सूत्र अभिकरण व स्टाफ अभिकरण के जटिल प्रकृति के संघर्ष

(3) संगठन के प्रत्येक स्तर पर समूह में कार्य

(4) प्रबन्धक जिनके पास सूत्र एवं स्टाफ दोनों के दायित्व हैं।

**12.** नौकरशाही ज्ञान को गोपनीयता एवं सक्षमता को रहस्य में बदल देती है। यह विचार किसके द्वारा प्रतिपादित किया गया है ?

(1) हीगल
(2) कार्ल मार्क्स
(3) मार्टिन एलब्रो
(4) पीटर ब्लाऊ

**13.** निम्नलिखित में से किसने 'गोफर प्रत्यायोजन' और 'स्टेवर्डसिप प्रत्यायोजन' का उल्लेख किया है ?

(1) जे.डी. मिलेट
(2) स्टीफेन आर. कोवे
(3) जॉर्ज आर. टेरी
(4) अल्बर्ट के. विक्सबर्ग

**14.** **अभिकथन (A) :** मनोबल एवं उत्पादकता के मध्य सीधा संबंध है ।

**तर्क (R) :** अभिप्रेरणा वादी-विचारकों ने औधोगिक समस्याओं का समाधान मानव मनो-विज्ञान में देखा है।

**कूट :**

(1) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(2) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(3) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(4) (A) गलत है, परन्तु, (R) सही है ।

**15.** In Leadership theory, the idea of 'positive reinforcement' was developed by

(1) Robert Blake (2) Kurt Lewin

(3) B.F. Skinner (4) Ralph White

**16.** Which of the following is not the approach to the concept of decentralisation as identified by James W. Fesler ?

(1) Doctrinal Approach (2) Conceptual Approach

(3) Political Approach (4) Administrative Approach

**17.** Who among the following deserves credit for making a beginning in the area of decisional studies in Comparative Public Administration ?

(1) Herbert Simon (2) William Gore

(3) Martin Landau (4) James March

**18.** Who among the following is called 'the prophet of management' ?

(1) M.P. Follett (2) Frederick Taylor

(3) Henri Fayol (4) Chester Barnard

**19.** Which of the following books are written by F.W. Riggs ?

(i) The Ecology of Administration.

(ii) Thailand : The Modernization of Bureaucratic polity.

(iii) Administration in Developing Countries : The Theory of Prismatic Society.

(iv) Models and priorities in the Comparative study of Public Administration.

**Codes :**

(1) (i), (ii), (iii) and (iv) (2) (i), (ii) and (iii)

(3) (i), (ii) and (iv) (4) (ii), (iii) and (iv)

**20.** The institution of Parliamentary Commissioner in United Kingdom was established in which of the following year ?

(1) 1967 (2) 1991

(3) 2000 (4) 2005

**15.** नेतृत्व के सिद्धान्त में सकारात्मक प्रबलीकरण का विचार निम्नांकित में से किसके द्वारा विकसित किया गया है ?

(1) रॉबर्ट ब्लेक (2) कुर्त लेविन

(3) बी.एफ. स्किनर (4) रॉल्फ व्हाइट

**16.** निम्नलिखित में से क्या जेम्स डब्ल्यू. फैसलर द्वारा चिह्नित विकेन्द्रीकरण की अवधारणा का दृष्टिकोण नहीं है ?

(1) सिद्धांत संबंधी दृष्टिकोण (2) अवधारणात्मक दृष्टिकोण

(3) राजनीतिक दृष्टिकोण (4) प्रशासनिक दृष्टिकोण

**17.** तुलनात्मक लोक प्रशासन में निर्णयन अध्ययनों के क्षेत्र में शुरुआत करने का श्रेय निम्नलिखित में से किसको जाता है ?

(1) हर्बर्ट साईमन (2) विलियम गोरे

(3) मार्टिन लेण्डाऊ (4) जेम्स मार्च

**18.** निम्नलिखित में से किसे 'प्रबन्ध का दूत' कहा जाता है ?

(1) एम.पी. फॉलेट (2) फ्रेडरिक टेलर

(3) हेनरी फेयोल (4) चेस्टर बनार्ड

**19.** निम्न में से कौन-सी पुस्तकें एफ.डब्ल्यू. रिग्स द्वारा लिखी गयी हैं ?

(i) द इकॉलॉजी ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन

(ii) थाइलैंड : द मॉडर्नाइजेशन ऑफ ए ब्यूरोक्रैटिक पॉलिसी

(iii) एडमिनिस्ट्रेशन इन डेवलपिंग कंट्रीज : द थ्योरी ऑफ प्रिज्मेटिक सोसाइटी

(iv) मॉडल्स एण्ड प्रायरिटीज़ इन द कम्पेरेटिव स्टडी ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन

**कूट :**

(1) (i), (ii), (iii) और (iv) (2) (i), (ii) और (iii)

(3) (i), (ii) और (iv) (4) (ii), (iii) और (iv)

**20.** निम्न में से किस वर्ष यूनाइटेड किंगडम में द इन्स्टीट्यूशन ऑफ पार्लियामेन्ट्री कमीशनर की स्थापना की गई थी ?

(1) 1967 (2) 1991

(3) 2000 (4) 2005

**21.** ‘Filibustering tactics’ in USA mean

(1) Lobbying for Signing Treaty

(2) Delaying or Preventing the Passage of a Bill

(3) Passing a Financial Bill

(4) Preparing ground work for impeachment

**22.** Who is immediate successor to U.S. President if both the posts of President and Vice-President fall vacant ?

(1) Chief Justice of USA

(2) President Protempore (Senate)

(3) Secretary of State

(4) Speaker of the House of Representatives

**23.** Which of the following statements about Administrative System of U.S.A. is not correct ?

(1) Senate has 100 members.

(2) House of Representative has 435 members.

(3) The retirement age of a Judge of Supreme Court in U.S.A. is 75.

(4) The Legislature, Executive and Judiciary are separate at the State level also.

**24.** Which of the following is not a trend of Development Administration in the 1990s ?

(1) An enabling administration

(2) Micro-management

(3) Management culture

(4) Decentralization and Managerial autonomy

**25.** Which one of the following role designates bureaucracy as an agent of political development ?

(1) Provision of education and health services

(2) Working for the removal of untouchability

(3) Promoting cultural and sports activities

(4) Engaged in the welfare of labourers

**26.** In which year ‘Department of Financial Services’ under the Ministry of Finance was created ?

(1) 2005 (2) 2006

(3) 2007 (4) 2008

21. अमेरिका में फिलबस्टरिंग युक्ति का निम्नांकित में से क्या अभिप्राय है ?

(1) संधियों पर हस्ताक्षर के लिए पैरवी ।

(2) किसी विधेयक को पारित करने से रोकना या देरी करना ।

(3) एक वित्त विधेयक को पारित करना ।

(4) महाभियोग के लिए भूमिका तैयार करना ।

22. अमेरिकी राष्ट्रपति का तात्कालिक उत्तराधिकारी कौन होता है, जब राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति दोनों पद रिक्त हों ?

(1) यू.एस.ए. के मुख्य न्यायाधीश

(2) प्रेसीडेन्ट प्रोटेम्पोर (सीनेट)

(3) सेक्रेटरी ऑफ स्टेट

(4) प्रतिनिधि सभा का अध्यक्ष

23. निम्नलिखित में से कौन सा कथन संयुक्त राज्य अमेरिका की प्रशासनिक व्यवस्था के संबंध में सही नहीं है ?

(1) सीनेट में 100 सदस्य होते हैं ।

(2) प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ रिप्रेजेन्टेटिव) में 435 सदस्य होते हैं ।

(3) संयुक्त राज्य अमेरिका में उच्चतम न्यायालय के किसी न्यायाधीश की सेवा निवृत्ति की उम्र 75 होती है।

(4) विधायिका, कार्यपालिका तथा न्यायपालिका राज्य स्तर पर भी पृथक् होती हैं।

24. निम्न में से कौन सी एक 1990 के दशक के विकास प्रशासन की प्रवृति नहीं रही है ?

(1) एक समर्थ प्रशासन

(2) सूक्ष्म प्रबन्ध

(3) प्रबन्धकीय संस्कृति

(4) विकेन्द्रीयकरण एवं प्रबन्धकीय स्वायत्तता

25. निम्नलिखित में से कौन सी एक भूमिका अधिकारी तंत्र को राजनीतिक विकास के अभिकर्ता के रूप में निर्धारित करती है ?

(1) शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का प्रावधान करना ।

(2) अस्पृश्यता समाप्त करने के लिए कार्य करना ।

(3) सांस्कृतिक और खेल-कूद गतिविधियों को प्रोत्साहित करना ।

(4) श्रमिकों के कल्याण में संलग्न होना ।

26. किस वर्ष वित्त मंत्रालय के अंतर्गत 'वित्तीय सेवा विभाग' का गठन किया गया ?

(1) 2005

(2) 2006

(3) 2007

(4) 2008

27. Which of the following subjects falls outside the exclusive power of the Union Government to levy taxes ?

(1) Customs Duty (2) Toll Tax

(3) Capital Gains Tax (4) Corporation Tax

28. **Assertion (A) :** To maintain the independence of action and the dignity of its position members of Parliament have certain privileges.

**Reason (R) :** A member of Parliament is exempted from arrest in any case during the continuance of a meeting of the chamber or committee and during period of 40 days before and after such meeting.

**Codes :**

(1) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(2) Both (A) and (R) are correct but (R) is not the correct explanation of (A).

(3) (A) is true, but (R) is false.

(4) (A) is false, but (R) is correct.

29. Which of the following is not correct regarding the Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions ?

(1) It is the coordinating agency of the Central Government in personnel matters.

(2) It is under the overall charge of the Prime Minister.

(3) It works for promotion of responsive and people oriented administration.

(4) It comprises of two Departments.

30. By which of the following procedure a member of Union Public Service Commission is removed on the grounds of misbehaviour ?

(1) By the President on the recommendation of Cabinet

(2) By the Impeachment of Parliament

(3) By the Chairman of UPSC

(4) By the President after enquiry and verdict of Supreme Court

31. Consider the following about 'Sevottam' and select the correct answer using the codes given below :

(i) It is related with Benchmarking excellence in service delivery.

(ii) It focuses on improving the quality of services provided to citizens.

(iii) The nodal ministry for this is the ministry of Home Affairs.

(iv) It aims at speedy disposal of the grievances of citizens.

**Codes :**

(1) (i), (ii) and (iii) (2) (i), (ii), (iii) and (iv)

(3) (i), (ii) and (iv) (4) (ii), (iii) and (iv)

27. निम्नांकित में से कौन सा विषय संघीय सरकार के करारोपण के अनन्य अधिकार क्षेत्र से बाहर का है ?

(1) सीमा कर (2) पथ कर
(3) पूँजीगत लाभ कर (4) निगम कर

28. **अभिकथन (A) :** कार्य की स्वतंत्रता और अपने पद की गरिमा को बनाए रखने के लिए संसद सदस्यों के पास निश्चित विशेषाधिकार होते हैं।

**तर्क (R) :** एक संसद सदस्य को किसी भी मामले में सदन अथवा समिति की बैठक के जारी रहने के दौरान और ऐसी बैठक से 40 दिन पूर्व अथवा पश्चात की अवधि में गिरफ्तार किए जाने से छूट मिलती है ।

**कूट :**

(1) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(2) (A) तथा (R) दोनों सही हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(3) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(4) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

29. निम्नलिखित में से कौन सा कथन कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के बारे में सही नहीं है ?

(1) यह कार्मिक मामलों में केंद्र सरकार की समन्वयकारी एजेंसी है
(2) यह प्रधान मंत्री के संपूर्ण प्रभार के अंतर्गत है ।
(3) यह अनुक्रियात्मक तथा लोक उन्मुखी प्रशासन को बढ़ावा देने के लिये कार्य करता है ।
(4) इसके दो विभाग होते हैं ।

30. निम्नलिखित में से किस प्रक्रिया के द्वारा संघ लोक सेवा आयोग के एक सदस्य को दुर्व्यवहार के आधार पर हटाया जाता है ?

(1) मंत्रिमंडल की सिफारिश पर राष्ट्रपति के द्वारा
(2) संसद के महाभियोग के द्वारा
(3) यू.पी.एस.सी. के अध्यक्ष द्वारा
(4) जाँच और उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद राष्ट्रपति के द्वारा

31. 'सेवोत्तम' के बारे में निम्नलिखित पर विचार कीजिये और नीचे दिये गये कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये :

(i) यह सेवा वितरण में निर्देश का चह्न उत्कृष्टता से संबंधित है ।
(ii) यह नागरिकों को दी जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार पर जोर देता है ।
(iii) इसका केन्द्रक (नोडल) मंत्रालय गृह मंत्रालय है ।
(iv) इसका लक्ष्य नागरिकों की शिकायतों का शीघ्र निपटान करना है ।

**कूट :**

(1) (i), (ii) और (iii) (2) (i), (ii), (iii) और (iv)
(3) (i), (ii) और (iv) (4) (ii), (iii) और (iv)

**32.** Consider the following regarding the scope of personnel administration and select the correct answer using the codes given below :

(i) Classification and Recruitment

(ii) Assessment and training needs

(iii) Performance evaluation and maintenance of service records

(iv) Appreciation, Rewards & Incentives

**Codes :**

(1) (i), (ii) & (iii) (2) (ii), (iii) & (iv)

(3) (i) and (iv) only (4) (i), (ii), (iii) and (iv)

**33.** Which of the following are the components of Budget in India ?

(i) Revenue Receipts (ii) Capital Receipts

(iii) Revenue Expenditure (iv) Capital Expenditure

Select the correct answer by using code given below :

**Codes :**

(1) (i) & (iii) (2) (ii) & (iii)

(3) (ii) & (iv) (4) (i), (ii), (iii) and (iv)

**34.** According to $14^{th}$ Finance Commission, which State got the highest amount as grant-in-aid for Revenue Deficit States (2015-2020) ?

(1) Jammu & Kashmir (2) Himachal Pradesh

(3) Andhra Pradesh (4) West Bengal

**35.** Which of the following statements about the functions and role of the CAG are correct ?

(i) The scope and extent of audit is determined by the CAG.

(ii) CAG can carry out economy, efficiency and effectiveness audit.

(iii) CAG's power to audit can be curtailed, conditional or prohibited under any law applicable to the Body or Authority.

(iv) CAG's report is always subject to scrutiny by the Parliament.

Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

(1) (i), (ii), (iii) and (iv) (2) (i), (ii) and (iii)

(3) (ii), (iii) and (iv) (4) (i), (iii) and (iv)

**32.** कार्मिक प्रशासन के विषय क्षेत्र के बारे में निम्नलिखित पर विचार कीजिये और नीचे दिये गये कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये :

(i) वर्गीकरण और भर्ती

(ii) मूल्यांकन एवं प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताएँ

(iii) कार्य निष्पादन मूल्यांकन एवं सेवा अभिलेखों का अनुरक्षण

(iv) प्रशंसा, पुरस्कार एवं प्रोत्साहन

**कूट :**

(1) (i), (ii) और (iii) (2) (ii), (iii) और (iv)

(3) केवल (i) और (iv) (4) (i), (ii), (iii) और (iv)

**33.** भारत में निम्नलिखित में से कौन से बजट के घटक हैं ?

(i) राजस्व प्राप्तियाँ (ii) पूँजी प्राप्तियाँ

(iii) राजस्व व्यय (iv) पूँजी व्यय

नीचे दिये गये कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिये :

**कूट :**

(1) (i) और (iii) (2) (ii) और (iii)

(3) (ii) और (iv) (4) (i), (ii), (iii) और (iv)

**34.** 14वें वित्त आयोग के अनुसार, निम्नलिखित में से किस राज्य को राजस्व घाटे वाले राज्यों (2015-2020) के लिए सहायता अनुदान के रूप में सर्वाधिक धनराशि प्राप्त हुई थी ?

(1) जम्मू और कश्मीर (2) हिमाचल प्रदेश

(3) आंध्र प्रदेश (4) पश्चिम बंगाल

**35.** निम्नलिखित में से कौन से कथन नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सी एजी) के कृत्यों एवं भूमिका के संबंध में सही हैं ?

(i) लेखा-परीक्षण के विषय क्षेत्र एवं मात्रा का निर्धारण सी.ए.जी. द्वारा किया जाता है ।

(ii) सी.ए.जी. मितव्ययता, दक्षता एवं प्रभावशीलता लेखा परीक्षा कार्य करते हैं।

(iii) सी.ए.जी. निकाय अथवा प्राधिकार पर लागू कानून के अंतर्गत सी.ए.जी की लेखा-परीक्षण शक्तियों में कटौती की जा सकती है, शर्तें लागू की जा सकती है अथवा उनका प्रतिषेध किया जा सकता है।

(iv) सी.ए.जी. का प्रतिवेदन सदा संसद की संवीक्षा के अध्यधीन होता है ।

नीचे दिये गये कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिये:

**कूट :**

(1) (i), (ii), (iii) और (iv) (2) (i), (ii) और (iii)

(3) (ii), (iii) और (iv) (4) (i), (iii) और (iv)

**36.** Which one of the following statements is wrong about Goods and Services Tax (GST) Council in India ?

(1) Prime Minister of India is ex-officio chairman of GST Council.

(2) Minister of State for Finance, Government of India is a member of GST Council.

(3) Finance Ministers of States are its members.

(4) Union Finance Minister is the Chairman of GST Council.

**37.** Which of the following statements regarding the Central Information Commissioners is incorrect ?

(1) They are appointed by the President of India.

(2) The Committee comprising of the Prime Minister, leader of Opposition in Lok Sabha and a Union Cabinet Minister nominated by the Prime Minister recommends their names for appointment.

(3) They can be removed from the office on the like manner as that of the Comptroller and Auditor General.

(4) They hold office for a term of 5 years or upto the age of 65 years whichever is earlier.

**38.** Which of the following statement is not correct regarding Central Vigilance Commission ?

(1) It is a statutory body.

(2) It comprises of one chairperson and maximum 4 members.

(3) They are appointed on the recommendation of a committee comprising of Prime Minister, Home Minister and Leader of Opposition in Lok Sabha.

(4) It enjoys the powers of a Civil Court.

**39.** Which of the following is the correct ratio of Members taken in each of standing Departmental Committees of Parliament from Lok Sabha and Rajya Sabha respectively ?

(1) 21 and 10 (2) 15 and 10

(3) 24 and 8 (4) 16 and 8

**40.** Who among following has given the concept of 'National Surveillance State' ?

(1) Paul Krugman (2) Jack Balkin

(3) Nandan Nilekani (4) Wajahat Habibullah

**41.** **Assertion (A) :** Chief Secretary of a State is the king-pin of the Secretariat.

**Reason (R) :** He has absolute control over all the administrative officer of the State.

**Codes :**

(1) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(2) Both (A) and (R) are correct but (R) is not the correct explanation of (A).

(3) (A) is true, but (R) is false.

(4) (A) is false, but (R) is correct.

**36.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन भारत में वस्तु एवं सेवाकर (जी एस टी) परिषद के बारे में सही नहीं है ?

(1) जी.एस.टी. परिषद का पदेन अध्यक्ष भारत का प्रधान मंत्री होता है ।

(2) भारत सरकार का वित्त राज्य मंत्री जी.एस.टी. परिषद का सदस्य होता है ।

(3) राज्यों के वित्त मंत्री इसके सदस्य होते हैं ।

(4) केन्द्रीय वित्त मंत्री जी.एस.टी. परिषद का अध्यक्ष होता है ।

**37.** केन्द्रीय सूचना आयुक्तों के बारे में निम्नांकित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(1) उनकी नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है ।

(2) प्रधान मंत्री, लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष तथा प्रधान मंत्री द्वारा नामांकित एक संघीय कैबीनेट मंत्री से युक्त एक समिति, नियुक्ति हेतु उनके नामों की अनुसंशा करती है।

(3) उन्हें उनके पद से उसी तरीके से हटाया जा सकता है, जैसे कि नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक को हटाया जाता है।

(4) वे 5 वर्ष या 65 वर्ष की आयु जो भी पहले हो, तक अपने पद पर बने रहते हैं ।

**38.** केन्द्रीय सतर्कता आयोग के बारे में निम्नांकित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(1) यह एक सांविधिक निकाय है ।

